# माननीय केंद्रीय रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव ने एक साथ तीन नई ट्रेनों की सौगात दी

## रीवा से हड़पसर (पुणे) एवं जबलपुर से रायपुर नई ट्रेन सेवा प्रारंभ

## मध्य प्रदेश से छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र के यात्रियों को मिलेगी सीधी कनेक्टिविटी

जबलपुर 03 अगस्त। रविवार 03 अगस्त 2025 को माननीय केंद्रीय रेल, सूचना एवं प्रसारण तथा इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव ने पश्चिम रेलवे के भावनगर रेलवे स्टेशन से एक साथ तीन नई ट्रेनों की सौगात दी। भावनगर टर्मिनस से अयोध्या एक्सप्रेस, रीवा से पुणे (हड़पसर) साप्ताहिक सुपरफास्ट एवं जबलपुर से रायपुर इण्टरसिटी नई एक्सप्रेस रेल सेवाओं को माननीय रेल मंत्री द्वारा हरी झण्डी दिखाकर शुभारंभ किया गया।

इस अवसर पर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से मध्य प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, छत्तीसगढ़ के माननीय मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय, गुजरात के माननीय मुख्यमंत्री श्री भूपेंद्र पटेल सहित राज्यों के माननीय मंत्रीगण, माननीय सांसदगण, माननीय विधायकगण, अन्य गणमान्य नागरिक तथा आमजन भी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़कर सहभागी बने।

**इस अवसर पर केंद्रीय रेल मंत्री** ने अपने सम्बोधन में कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में रेलवे के क्षेत्र में ऐतिहासिक प्रगति हुई है। रेलवे में इन्फ्रास्ट्रक्चर को गति प्रदान करते हुए तेजी से कार्य निष्पादित हो रहे है जिससे प्रदेशों में अभूतपूर्व विकास हो रहा है। उन्होंने बताया कि इन 11 वर्षों में मोदी जी ने 34000 किमी नए रेलवे ट्रैक बनाएं हैं। डेली करीब 12 किमी नए ट्रैक बनते हैं, जोकि इतिहास में कभी नहीं हुआ। वर्तमान में रेलवे द्वारा यात्री सुविधाओं को विस्तारित करते हुए नई तकनिकी ट्रेनें जैसे वन्दे भारत, अमृत भारत, नमो भारत ट्रेनों को चलाया जा रहा है। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि आगामी सितम्बर माह से वन्दे भारत स्लीपर ट्रेन भी चलाई जाएंगी, और साथ ही बहुत जल्द अहमदाबाद से मुंबई बुलेट ट्रेन की भी सौगात मिलेगी। श्री वैष्णव ने बताया कि मध्य प्रदेश में कई महत्वपूर्ण रेल परियोजनाओं को स्वीकृति प्रदान की गई है। उन्होंने कहा कि रीवा पुणे ट्रेन रीवा, सतना, मैहर, कटनी, जबलपुर, नैनपुर, बालाघाट सहित मध्य प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों जहाँ से बड़ी संख्या में लोग पुणे महाराष्ट्र की ओर यात्रा करते हैं के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगी। इसी प्रकार जबलपुर- रायपुर ट्रेन भी जबलपुर, नैनपुर, बालाघाट, गोंदिया सहित मध्य प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों के यात्रियों के लिए भी अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगी, जहाँ से बड़ी संख्या में लोग रायपुर छत्तीसगढ़ की ओर यात्रा करते हैं।

**इस अवसर पर मध्य प्रदेश मुख्य मंत्री डॉ. मोहन यादव जी** ने कहा कि मध्य प्रदेश के विंध्य एवं महाकौशल की जनता को महाराष्ट्र एवं छत्तीसगढ़ के लिए सीधे कनेक्टिविटी हो जाने से आद्यौगिक, शैक्षणिक एवं पर्यटन को बढ़ावा तथा प्रदेश के विकास को गति मिलेगी।

### नई ट्रेन गाड़ी संख्या 01702 जबलपुर - रायपुर उद्घाटन शुभारंभ समारोह :-

जबलपुर रेलवे स्टेशन भी ट्रेन उद्घाटन शुभारंभ समारोह का साक्षी बना। इस कार्यक्रम के दौरान जबलपुर रेलवे स्टेशन से माननीय लोक निर्माण मंत्री मध्य प्रदेश शासन श्री राकेश सिंह, माननीया सांसद राजयसभा श्रीमती सुमित्रा बाल्मीक, माननीय सांसद श्री आशीष दुबे, माननीय विधायक कैंट श्री अशोक रोहणी, माननीय विधायक पाटन श्री अजय विश्नोई, माननीय विधायक उत्तर डॉ. अभिलाष पाण्डेय, माननीय महापौर श्री जगत बहादुर सिंह और शहर के प्रतष्ठित जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक सहित बड़ी संख्या में आमजन शामिल हुए। रेल प्रशासन की तरफ से पश्चिम मध्य रेल महाप्रबंधक श्रीमती शोभना बंदोपाध्याय एवं अपर महाप्रबंधक श्री प्रमोद कुमार खत्री, प्रमुख मुख्य परिचालन प्रबंधक श्री कुशाल सिंह, प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबंधक श्री मनीष तिवारी, प्रमुख मुख्य सुरक्षा आयुक्त श्री राजीव कुमार यादव और मण्डल रेल प्रबंधक श्री कमल कुमार तलरेजा सहित मुख्यालय एवं मण्डल के रेल अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा कार्यक्रम को सफल बनाया गया।

### नई ट्रेन गाड़ी संख्या 02152 रीवा – हड़पसर उद्घाटन शुभारंभ समारोह :-

इसी प्रकार रीवा रेलवे स्टेशन से माननीय उप मुख्यमंत्री मध्य प्रदेश श्री राजेंद्र शुक्ल, माननीय सांसद श्री जनार्दन मिश्रा सहित शहर के गणमान्य नागरिक तथा बड़ी संख्या में आमजन शामिल हुए। रेल प्रशासन की तरफ से अपर मण्डल रेल प्रबंधक एवं वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक सहित मण्डल के अन्य रेल अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। एक अन्य कार्यक्रम सतना रेलवे स्टेशन पर माननीय सांसद श्री गणेश सिंह सहित शहर के गणमान्य नागरिक तथा बड़ी संख्या में आमजन शामिल हुए। रेल प्रशासन की तरफ से मण्डल के रेल अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

**रीवा-हड़पसर (पुणे)-रीवा सप्ताहिक सुपरफास्ट एक्सप्रेस ट्रेन की नियमित सेवा:-**

गाड़ी संख्या 20152 रीवा-हड़पसर (पुणे) सप्ताहिक सुपरफास्ट एक्सप्रेस ट्रेन प्रत्येक बुधवार को सुबह 06:45 बजे रीवा स्टेशन से प्रस्थान करेगी और सतना, मैहर, कटनी, जबलपुर, नैनपुर, बालाघाट, गोंदिया, नागपुर, वर्धा, बडनेरा, अकोला, भुसावल, जलगांव, मनमाड, कोपरगाँव, अहमदनगर, दौड़ कॉर्ड लाइन होते हुए गुरुवार सुबह 09:45 बजे हडपसर (पुणे) पहुंचेगी। वापसी में, गाड़ी संख्या 20151 हडपसर (पुणे)-रीवा सप्ताहिक सुपरफास्ट एक्सप्रेस ट्रेन प्रत्येक गुरुवार को दोपहर 15:15 बजे पुणे स्टेशन से प्रस्थान करेगी और दौड़ कॉर्ड लाइन, अहमदनगर, कोपरगाँव, मनमाड, जलगांव, भुसावल, अकोला, बडनेरा, वर्धा, नागपुर, गोंदिया, बालाघाट, नैनपुर, जबलपुर, कटनी, मैहर, सतना होते हुए शुक्रवार सायं 17:30 बजे रीवा पहुंचेगी।

इस साप्ताहिक ट्रेन में कुल 20 एलएचबी कोच होंगे, जिनमें चार सेकंड सिटिंग, तीन तृतीय वातानुकूलित, तीन तृतीय वातानुकूलित इकोनॉमी, दो द्वितीय वातानुकूलित तथा शेष स्लीपर श्रेणी के कोच शामिल हैं।

**जबलपुर-रायपुर-जबलपुर इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन की नियमित सेवा:-**

गाड़ी संख्या 11702 जबलपुर-रायपुर एक्सप्रेस ट्रेन प्रतिदिन सुबह 06:00 बजे जबलपुर से प्रस्थान करेगी और मदनमहल, नैनपुर, बालाघाट, गोंदिया, डोंगरगढ़, राजनांदगाव, दुर्ग होते हुए उसी दिन दोपहर 13:50 बजे रायपुर पहुंचेगी। वापसी में, गाड़ी संख्या 111701 रायपुर-जबलपुर एक्सप्रेस ट्रेन प्रतिदिन दोपहर 14:45 बजे रायपुर से प्रस्थान करेगी और दुर्ग, राजनांदगाव, डोंगरगढ़, गोंदिया, बालाघाट, नैनपुर, मदनमहल होते हुए उसी दिन रात्रि 22:45 बजे जबलपुर पहुंचेगी।

इस ट्रेन में कुल 15 एलएचबी कोच होंगे, जिनमें आठ जनरल सिटिंग, चार द्वितीय चेयरकार, एक चेयरकार वातानुकूलित श्रेणी के कोच शामिल हैं।

---

संख्या : पमरे/मुख्या/मुजसअधि/प्रेस विज्ञप्ति/269/2025 दिनांक 03.08.2025

सम्माननीय संपादक, कृपया जनहित में उपरोक्त समाचार अपने लोकप्रिय दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित कर सहयोग प्रदान करें।

मुख्य जनसंपर्क अधिकार
पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर